# बिहार सरकार
## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
## अधिसूचना

**संचिका संख्याः** वन विक्रय (आरामिल / विनियर मिल)–14 / 2012 / प०व०ज०प०............पटना–15, दिनांक........

विभागीय अधिसूचना संख्या–3240, दिनांक–29.08.2023 द्वारा आरा मिलों / कम्पोजिट ईकाइयों की वरीयता सूची तैयार करने एवं प्रकाशन की प्रक्रिया का निर्धारण करने हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना की अध्यक्षता में समिति का गठन तथा इसके कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्धारण किया गया है।

कालान्तर में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना के पद पर पदस्थापित पदाधिकारी के सेवानिवृत हो जाने एवं इस पद पर किसी पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं होने के कारण विभागीय अधिसूचना संख्या–1402 दिनांक–10.05.2024 द्वारा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार, पटना को उक्त समिति का अध्यक्ष मनोनित किया गया था।

वर्त्तमान में विभागीय अधिसूचना संख्या–378, दिनांक–27.01.2025 द्वारा श्री अरविन्दर सिंह, भा०व०से० को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना के पद पर अगले आदेश तक पदस्थापित किया गया है। इसके आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–1402 दिनांक–10.05.2024 को अवक्रमित करते हुए पुनः प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना को आरा मिलों / कम्पोजिट ईकाइयों की वरीयता सूची तैयार करने एवं प्रकाशन की प्रक्रिया के निर्धारण हेतु गठित समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया जाता है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,
ह० / –
**(श्याम चन्द्र मंडल)**
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक– वन विक्रय(आरामिल / विनियर मिल)–14 / 2012.............. / प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक................

प्रतिलिपि :–वित्त विभाग, ई० गजट कोषांग, को इस संकल्प की सी०डी० एवं दो हार्ड कॉपियों के साथ गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

अनुरोध है कि इस अधिसूचना के प्रकाशनोपरांत अधिसूचना की सौ प्रतियाँ इस विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

ह० / –
**(श्याम चन्द्र मंडल)**
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांकःवन विक्रय(आरामिल / विनियर मिल)–14 / 2012............. / प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक.................

प्रतिलिपिः–माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव / सभी विभाग / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी आरक्षी अधीक्षक / सभी जिला पदाधिकारी / सभी विभागीय पदाधिकारी / प्रधान मुख्य वन संरक्षक(HoFF), बिहार, पटना / प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना / अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, बिहार, पटना / अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक(कैम्पा)–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण), बिहार, पटना / क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पटना मुजफ्फरपुर एवं भागलपुर / निदेशक, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, पटना / सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी / विभागीय सचिव के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
**(श्याम चन्द्र मंडल)**
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक– वन विक्रय(आरामिल / विनियर मिल)–14 / 2012 862....... / प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक 24/2/25

प्रतिलिपिः–आई० टी० मैनेजर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 21.2.25
**(श्याम चन्द्र मंडल)**
सरकार के अवर सचिव

S@RR.ADHISUCHNA-7